# Code No. 6054

Roll No. ………………………..

SET : C

## D. El. Ed. 2nd Year Exam., July/August – 2024

## Pedagogy of Hindi Language

## हिन्दी भाषा का शिक्षण

## (Course Code : DE-204)

(Only for Fresh/Re-appear/Mercy Chance Candidates)

**[ Evening Session ]**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 70*

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 तथा प्रश्न 17 हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

*(iii)* *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

*(iv)* *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

*(v)* *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

*(vi)* *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*

*(vii)* *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

(viii) ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(ix) ***खण्ड – अ*** *के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं।*

(x) ***खण्ड – ब*** *के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **70-80** शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक हैं।*

(xi) ***खण्ड – स*** *के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **150-200** शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 8 अंक हैं।*

## खण्ड – अ

## (अतिलघु उत्तरात्मक प्रश्न)

**1.** व्याकरण शिक्षण से क्या अभिप्राय है ? 2

**2.** विधेय के बारे में बताते हुए विधेय के विस्तार का उदाहरण दीजिए। 2

**3.** समास किसे कहते हैं ? सोदाहरण समझाइए। 2

**4.** क्रिया-विशेषण पदबंध क्या है ? उदाहरण देकर बताइए। 2

**5.** अधिगम सामग्री क्या है ? स्पष्ट करें। 2

**6.** लिंगवाफोन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 2

**7.** 'पापा खो गए' पाठ का उद्देश्य स्पष्ट करें। 2

## खण्ड – ब

## (लघु उत्तरात्मक प्रश्न)

**8.** गद्य साहित्य की रिपोर्ताज विधा पर प्रकाश डालिए। 5

**9.** लेखन कौशल के महत्त्व पर प्रकाश डालिए। 5

**10.** अध्यक्षीय भाषण पर टिप्पणी लिखें। 5

**11.** किसी विज्ञान मेले का आँखों देखा वर्णन कीजिए। 5

**12.** समास को परिभाषित करते हुए इसके मुख्य भेदों का सोदाहरण वर्णन कीजिए। 5

**13.** निबंधात्मक परीक्षा के गुण-दोष बताइए। 5

**14.** भाषा शिक्षण में दृश्य-श्रव्य सामग्री क्या है ? इसके साधनों का वर्णन कीजिए। 5

**15.** ब्लूम ने शिक्षा को त्रिपदी प्रक्रिया माना है। इस आधार पर ब्लूम उपागम के गुण-दोषों पर चर्चा कीजिए। 5

## खण्ड - स

### (दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न)

**16.** हिन्दी साहित्य में 'निबंध' विधा के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए। 8

**अथवा**

हिन्दी कहानी को परिभाषित करते हुए इसके तत्त्वों का विस्तार से वर्णन कीजिए।

**17.** सूक्ष्म शिक्षण क्या है, परिभाषित करते हुए सोपानों का विस्तार से वर्णन कीजिए ? 8

**अथवा**

'दीवानों की हस्ती' पाठ की पाठ-योजना तैयार कीजिए।

---